## राजस्थान सरकार

## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015

(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141– 2742309, ई–मेल jdp1-ta-rj@nic.in)

कमांकः– एफ.3(ख)(मेरिट कमांक 343/2011)(लिंक न0 9783) अलेसे–II/701 दिनांकः– 18/7/2016

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 147/2015–16 दिनांक 02.12.2015 के क्रम संख्या 3 पर अंकित श्री सुखदेव खीचड़ पुत्र श्री सोहन लाल खीचड़, ग्राम पोस्ट निम्बी जोधा, तहसील लाडनूं, जिला–नागौर (मेरिट क्रमांक 343/2011, रोल नम्बर 103547, जन्म तिथि 27.09.1988) लिंक नम्बर 9783 को उपर्युक्त आदेश से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर नियुक्ति दी जाकर उपकोषाधिकारी, कोष एवं लेखा विभाग, भीनमाल, जालौर में 7 दिवस की अवधि (दिनांक 9 दिसम्बर 2015 तक) में कार्यग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु श्री सुखदेव खीचड़ ने नियत तिथि तक अपनें पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण नहीं किया है।

श्री सुखदेव खीचड़ ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 4.12.15 द्वारा स्वयं "पीलिया" (Recurrent Jaundice) की बीमारी से पीड़ित होने के कारण चिकित्सा संबंधी दस्तावेज के आधार पर सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II पद पर नियुक्ति पर कार्यग्रहण करने हेतु 6 माह की छूट चाही थी। श्री खीचड़ द्वारा चाही गई 6 माह की अवधि (नियुक्ति आदेश जारी होने की तिथि 02.12.2015 से) दिनांक 01.06.2016 को पूर्ण होने पर भी उनके द्वारा न तो पदस्थापित स्थान पर अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई है ओर न ही इस संबंध में निदेशालय से कोई सम्पर्क किया गया। कार्यग्रहण नहीं करने के कारण विभागीय पत्र क्रमांक 470 दिनांक 10.06.2016 द्वारा श्री खीचड़ को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया कि क्यों नहीं उनकी नियुक्ति अविलंब निरस्त कर दी जावे । इसके उपरांत भी श्री खीचड़ ने ना तो अपना कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया ओर ना ही पदस्थापित स्थान पर अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की है ।

अतः विभागीय आदेशों की अनुपालना में नवीन नियुक्ति पर उपस्थिति प्रस्तुत नही करने के कारण श्री सुखदेव खीचड़ पुत्र श्री सोहन लाल खीचड़ (मेरिट क्रमांक 343/2011) के विभागीय आदेश संख्या 147/2015–16 दिनांक 02.12.2015 द्वारा जारी नियुक्ति आदेश एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाते हैं।

(पंकज पाटनी)
निदेशक

कमांकः– एफ.3(ख)(मेरिट कमांक 343/2011)(लिंक न0 9783) अलेसे–II/701 दिनांकः– 18/7/2016

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर ।
2. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. कोषाधिकारी, जालौर।
4. उपकोषाधिकारी, भीनमाल, जालौर।
5. श्री सुखदेव खीचड़ पुत्र श्री सोहन लाल खीचड़, ग्राम पोस्ट निम्बी जोधा, तहसील लाडनूं, जिला–नागौर । पिन कोड–341316। (रजिस्टर्ड)
6. उप निदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर अनुभाग वेबसाईट को अपलोड करने तथा पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
7. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक।
8. डीपीसी अनुभाग/गोपनीय अनुभाग/वरिष्ठता अनुभाग।
9. रक्षित पंजिका/आदेश पंजिका।

(डॉ. मनीष शुक्ला)
अतिरिक्त निदेशक(कार्मिक–II)

E:\sas-ii\KHANNA JI